अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 27 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2083

**PAGE NO.- 06 : MIDDLE CORNER**

# डमरू की गूंज के साथ दिया शांति का संदेश

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम इंट्रूमेंटल कार्यक्रम रेनबो-2 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्ति और शक्ति का संगम 'द स्पार्क ऑफ लॉर्ड शिवा' विशेष प्रस्तुति रही। इसमें डमरू की गूंज, तांडव की ताकत और शांति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आरंभ राग यमन के फ्यूजन में कैलाश की गूंज से हुआ। इसमें वाद्य यंत्र गुरुओं सूर्यकांत चौधरी, दीपकांत जौहरी और अमर नाथ, ऋषभ आशीष पाठक, सीमा, पवन भारद्वाज, अनुग्रह सिंह, विशेष सिंह, डेरिक अमन जेम्स, रोई फिलिप्स, सुरेंद्र और जनार्दन ने विभिन्न वाद्य यंत्रों से संगीत प्रस्तुति में शिव की महिमा, उनकी करुणा और उनकी दिव्य उपस्थिति का आह्वान किया।

अगली प्रस्तुति 'द गोल्डन नोट्स' में वाद्य यंत्र गुरुओं ने वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सुरों के संगम के साथ ही समर्पण, तालमेल और कला की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति दी। 'द चैंपियंस एंथम मेडले' में दुनिया भर के प्रेरणादायक और जोश से भर देने वाले एंथम्स की धुनों की अद्‌भुत प्रस्तुति ने समा बांध दिया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद